दुकान के बाहर मिला युवक का शव

मौत की वजह स्पष्ट नहीं, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

नैनी (प्रयागराज)। नैनी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह पुरानी जीटी रोड के पास एक दुकान के बाहर ३५ वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान कलुआ के रूप में हुई है। दुकानदार के मुताबिक, कलुआ उनकी दुकान पर छोटे-मोटे काम कर देता था, जिससे उसका खर्च चलता था। दुकान बंद होने के बाद वह बाहर ही सो जाता था। रविवार रात भी वह वहीं सोया था, लेकिन सोमवार सुबह उसका शव पड़ा मिला। फिलहाल युवक कहां का रहने वाला था और उसकी मौत कैसे हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। शव देखकर स्थानीय लोगों ने दुकान मालिक और नैनी पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही नैनी इंस्पेक्टर अविनाश कुमार सिंह और चौकी प्रभारी धर्मवीर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह दुकान माँ गायत्री ट्रेडर्स के नाम से है। पुलिस की जांच में अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि कलुआ मूल रूप से कहां का रहने वाला था और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। फिलहाल मौत का कारण भी पता नहीं चल सका है। पुलिस के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।



नैनी में घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, पांच घायल

खीरी (प्रयागराज)। खीरी थाना क्षेत्र के खीरी-बाजार कोहड़ार मार्ग पर खीरी कम्पोजिट शराब की दुकान के सामने दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़न्त हो गयी। जिसमें पांच लोग घायल हो गये। घटना की सूचना मिली तो खीरी पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी कोरांव भेजवाया।जहां हालत गम्भीर होने पर एक को रिफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, दत्ता का पूरा गांव निवासी अनमोल यादव (२०) पुत्र रामजतन यादव और जोरवट गांव निवासी सूरज यादव (२१) पुत्र रामसागर यादव एक बाइक पर सवार होकर इंटवा स्थित सीता पैथोलाजी से खीरी की ओर जा रहे थे। वहीं, दूसरी बाइक पर मेजा थाना क्षेत्र के भइया गांव निवासी लवकुश पुत्र श्याम बिहारी, उनकी पत्नी पियम देवी और खीरी थाना क्षेत्र के टौंगा गांव निवासी योगेंद्र सवार होकर कोहड़ार की तरफ जा रहे थे। रविवार को देर रात इसी दौरान खीरी-बाजार-कोहड़ार मार्ग पर खीरी कंपोजिट शराब की दुकान के सामने दोनों बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों पर सवार पांचों लोग घायल हो गये। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। घटना की सूचना मिली तो खीरी पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी कोरांव भेजा गया। बताया जा रहा है। कि सूरज यादव के दाहिने पैर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। सीएचसी कोरांव से रिफर करने के बाद उन्हें प्रयागराज स्थित निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, योगेंद्र और पियम देवी की भी हालत गंभीर बतायी जा रही है।

सूचना- मेरा हाईस्कूल वर्ष 2002 अनुक्रमांक 1859740 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। अमन जायसवाल पुत्र-बृज लाल जायसवाल पता-गॉव बरौत हंडिया प्रयागराज

सूचना

मेरा बड़ा पुत्र विनय कुमार हमारे कहने-सुनने में नहीं है तथा गैर कानूनी कार्य करता है उसकी इन्हीं सब कृत्यों को देखते हुए मैं पुत्र विनय कुमार को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं उससे हम लोगों का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। दिलीप कुमार पुत्र-राम जतन नि0ग्रा0 बरबोली पो0 बारी तह0 सोरांव थाना फाफामऊ प्रयागराज

हनुमानगंज में ग्राहक सेवा केंद्र से एक लाख रुपये की चोरी

ताला तोड़कर नकदी ले उड़े चोर, संचालक ने अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर

हनुमानगंज (प्रयागराज)। सराय इनायत थाना क्षेत्र के हनुमानगंज स्थित बैंक आफ बड़ौदा के ग्राहक सेवा केंद्र को चोरों ने निशाना बनाते हुए करीब एक लाख रुपये की नकदी पार कर दी। सुबह केंद्र का ताला टूटा मिलने पर घटना की जानकारी हुई। चोरी की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राहक सेवा केंद्र संचालक शिवम कुमार तिवारी पुत्र दुर्गेश तिवारी, निवासी सुदनीपुर कलां, प्रतिदिन की तरह केंद्र बंद कर अपने घर चले गये थे। सुबह उनके चाचा, जो केंद्र के बगल में स्थित मकान में रहते हैं, उठे तो ग्राहक सेवा केंद्र का ताला टूटा हुआ देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना शिवम कुमार तिवारी को दी। सूचना मिलते ही शिवम मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस की पीआरवी-११२ को दी। इसके बाद उन्होंने सराय इनायत थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कारवाई की मांग की। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस चोरी से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है और आरोपितों का पता लगाने के लिए आवश्यक कारवाई में जुटी है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरी से जुड़े साक्ष्य जुटाने और आसपास के लोगों से पूछताछ के जरिए चोरों का सुराग लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कारवाई की जायेगी।

चौपाल लगाकर पुलिस ने साइबर अपराधों से बचने की दी जानकारी

मांडा (प्रयागराज)। जालसाजों, साईबर ठगों, एवं महिलाओं के अन्य उत्पीड़न पर बचाव के ट्रिप बताने के साथ ही चौपाल लगाकर पुलिस ने महिलाओं को टोल फ्री सरकारी नंबरों की उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी। सोमवार को मांडा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुरवांदलापुर के ग्राम सचिवालय में मांडा पुलिस ने एक चौपाल का आयोजन किया। चौपाल की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष मांडा सुनील कुमार ने मौजूद महिलाओं को साईबर ठगों से बचाव, मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न पर सहयोग के लिए जारी पुलिस विभाग के ११२ सहित तमाम सरकारी टोल फ्री नंबर की जानकारी दी।



दुर्गा पण्डाल में महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करतीं महिला पुलिस कर्मी।

दुर्गा पूजा पण्डालों में महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

सुरक्षा एवं उनके अधिकारों में दी जानकारी

मऊआइमा (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र के दौरान मऊआइमा थाने की मिशन शक्ति फेज-६ की टीम महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही है। इसके तहत क्षेत्र में स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर टीम महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दे रही है। अभियान के तहत पुलिस आपात सेवा ११२, वूमेन पावरलाइन १०९०, महिला हेल्पलाइन १८१, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६ और साइबर हेल्पलाइन १९३० के बारे में बताया जा रहा है। टीम महिलाओं को इन हेल्पलाइन नंबरों के इस्तेमाल और जरूरत पड़ने पर सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दे रही है। साथ ही मिशन शक्ति केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं से भी अवगत कराया जा रहा है।

जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर सुरक्षा संबंधी समस्याओं के प्रति सजग रहने की अपील की जा रही है।

टीम उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर चुप रहने के बजाय संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना देने और उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर रही है।

मिशन शक्ति फेज-६ के तहत चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, महिला सुरक्षा को मजबूत बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है।

कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

हंडिया (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के हरीपुर सिधवार गांव में श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत पर सोमवार को आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय कथावाचिका गौरांगी गौरी के सानिध्य में निकली भव्य कलश यात्रा से समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

सिधवार गांव से टेला गंगा घाट तक निकली कलश यात्रा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। श्रद्धा और सनातन संस्कृति के इस अनुपम दृश्य ने धार्मिक उल्लास की छटा बिखेर दी। कलश यात्रा के साथ सात्विक वातावरण में श्रीमद्भागवत कथा का मंगलारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस व्यासपीठ से अंतरराष्ट्रीय कथावाचिका गौरांगी गौरी जी ने भागवत महात्म्य की अमृतमयी कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। भगवान श्रीहरि की महिमा और भक्ति के आध्यात्मिक महत्व का भावपूर्ण वर्णन सुन श्रोता भावविभोर हो उठे।

कथा के दौरान भक्ति, सत्संग और ईश्वर के प्रति समर्पण का संदेश श्रद्धालुओं के हृदय को स्पर्श कर गया। कथा पण्डाल में गूंजते श्रीहरि के जयघोष ने वातावरण को कृष्णमय बना दिया।

भागवत महात्म्य के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को सांसारिक मोह से ऊपर उठकर प्रभु भक्ति और सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कलश यात्रा से लेकर कथा श्रवण तक हरीपुर सिधवार में आध्यात्मिक उल्लास छाया रहा। श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं की आस्था, भक्ति और उत्साह ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

माँ-बेटे को पीटा, दी जातिसूचक गाली, केस दर्ज

माडा (प्रयागराज)। पीड़ित महिला को जातिसूचक गालियां देते हुए पीटायी के मामले में पीड़ित की तहरीर पर जांचकर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न, मारपीट, गाली-गलौज का मुकदमा दर्ज किया। मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना एसीपी मेजा को सौंपी गई है। थाना क्षेत्र के खुरमा गांव निवासिनी मंजू देवी पत्नी स्वर्गीय हरिहरनाथ ने थाने में तहरीर दी कि ७ सितंबर २०२६ को सायं साढ़े सात बजे पैसे के विवाद को लेकर थाना क्षेत्र के गोरैयाकला गांव निवासी विवेक सिंह एवं छोटू सिंह एक अज्ञात युवक के साथ उसके घर पर आये। तीनों आरोपित मंजू के बेटे प्रीतम कुमार को जातिसूचक गालियां देने लगे। जब प्रीतम की पत्नी संजू देवी ने गाली देने से रोका, तो तीनों आरोपितों ने उसे भी जातिसूचक भद्दी भद्दी गालियां देते हुए पीटा। भीड़ इकट्ठी होते देख आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने थाने तहरीर दी , लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। भीमसेना के धरना-प्रदर्शन के दो दिन बाद सोमवार दोपहर तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की विवेचना एसीपी मेजा को सौंपी गयी है।

आज का मुहूर्त

दिनांक- १३ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन शुक्ल पक्ष
तिथि- तृतीया रात्रि १०.१८ तक उपरान्त चतुर्थी
वार- मंगलवार
नक्षत्र- विशाखा रात्रि ०१.४७ तक उपरान्त अनुराधा
योग- प्रीति रात्रि ०९.३२ तक उपरान्त आयुष्मान
राशि- तुला रात्रि ०७.२२ तक उपरान्त वृश्चिक
सूर्योदय- ०६.१४ बजे
सूर्यास्त- ०५.४६ बजे
राहुकाल- अपरान्ह ०३ बजे से ०४.३० तक
भद्रा- नहीं है।
मुहूर्त- विशाखा में राहु वेध होने के कारण कोई मुहूर्त नहीं है। आज तृतीयम् चंद्रघंटा देवी का दर्शन पूजन करें। साथ ही श्रृंगार में दर्पण सिंदूर और आलता समर्पित करें। आज पश्चिम दिशा में रात्रि १२ बजकर १८ मिनट पर शुक्र होंगे।

फुलवारी दर्शन और मीना बाजार के मंचन ने मोहा मन

ऊंचडीह बाजार में श्री सत्येश्वरनाथ रामलीला के चौथे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



मेजारोड (प्रयागराज)। उरुवा ब्लाक के ऊंचडीह बाजार में चल रही श्री सत्येश्वरनाथ रामलीला के चौथे दिन रविवार को फुलवारी और नगर दर्शन के साथ मीना बाजार प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। कलाकारों के जीवंत अभिनय ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। मंचन में भगवान राम की भूमिका में कुमार प्रतीक, लक्ष्मण की भूमिका में कुमार दिव्यांश, सीता की भूमिका में शुभ शंकर मिश्रा, विश्वामित्र की भूमिका में मधुकर मिश्रा और अहिल्या की भूमिका में हरिश्चंद्र गुप्ता ने शानदार अभिनय किया। वहीं, सह कलाकार के रूप में संजय कुशवाहा, नगरवासी की भूमिका में चंद्रमणि मिश्रा और जौहरी विक्रेता जंगीलाल सेठ ने अपने अभिनय से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। रामलीला समिति की ओर से आयोजन को लेकर बेहतर व्यवस्थाएं की गई थीं। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहे। श्रद्धालुओं ने रामलीला के सफल आयोजन के लिए समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्रा की सराहना की।

खाते से ९९ हजार उड़ाये, केस दर्ज

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित के बैंक खाते से बिना अनुमति ९९ हजार रुपये निकाल लिये गये। डीसीपी यमुना नगर के आदेश पर नैनी थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तहरीर के अनुसार विद्यानगर कालोनी डभांव डांडी निवासी बिहारी लाल शर्मा पुत्र ठाकुर शर्मा बैंक आफ बड़ौदा शाखा नैनी के बचत खाता का धारक है। पीड़ित का आरोप है कि सितंबर माह में शाम करीब ५ बजे वह घर पर सो रहा था, मोबाइल पास में ही था और कोई आनलाइन लेन-देन नहीं किया था, तभी खाता हैक कर दो बार में ३९ हजार और ६० हजार, कुल ९९ हजार रुपये निकाल लिए गये। जानकारी होते ही पीड़ित ने बैंक से खाता बंद कराया और अगले दिन थाना नैनी के साइबर सेल में शिकायत की। आरोप है कि थाने पर केस दर्ज नहीं हो रहा था, जबकि साइबर सेल ने आरोपित का नाम-पता ट्रेस कर लिया था। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस उपायुक्त यमुना नगर को प्रार्थना पत्र दिया। जनसुनवाई संदर्भ पर डीसीपी वाई ने एसएचओ नैनी को कारवाई के निर्देश दिये। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक अविनाश कुमार के निर्देश पर अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गयी।

मच्छरों का प्रकोप बढ़ा

बरौत (प्रयागराज)। विकासखंड हंडिया के ग्राम सभा छीड़ी में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। शाम होते ही मच्छर लोगों का जीना दूभर कर देते हैं। इस कारण कस्बे में बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गयी है। लोग मच्छरों से बचाव के लिए हर तरह का प्रयोग कर रहे हैं। गांव निवासियों ने बताया कि गंदगी, जलभराव की समस्या है। सफाईकर्मियों के नियमित न आने की वजह से गंदगी पसरी रहती है।



स्वास्थ्य शिविर में मरीज की जांच करते चिकित्सक।

विद्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की हुई जांच

उतरांव (प्रयागराज)। प्रयागराज के क्षेत्र के जलालपुर स्थित आर्यभट्ट प्रोग्रेसिव स्कूल परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब ५०० मरीजों ने पहुंचकर विभिन्न बीमारियों की जांच करायी और चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें बीमारियों के प्रति जागरूक करना रहा।

शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डा. लक्ष्मी तिवारी, वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ तथा डा. देवेंद्र तिवारी, जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने मरीजों की समस्याएं सुनते हुए उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। शिविर में सबसे अधिक मरीज वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम, घुटनों में दर्द और कमर दर्द जैसी समस्याओं से पीड़ित मिले। इसके साथ ही महिलाओं ने भी अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर महिला चिकित्सक से परामर्श लिया।

इस दौरान डा. लक्ष्मी तिवारी ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कई बार महिलाएं घरेलू जिम्मेदारियों और लापरवाही के कारण अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज कर देती हैं। समय पर जांच और उचित उपचार नहीं मिलने से परेशानियां बढ़ सकती हैं। इसलिए महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा किसी भी समस्या के सामने आने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने में देरी नहीं करनी चाहिए। शिविर की आयोजक एवं प्रबंधिका नीलम सिंह ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को नियमित रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में प्रत्येक माह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जायेगा।

कौसर ग्यास बने सपा के मऊआइमा नगर अध्यक्ष, समर्थकों में हर्ष

मऊआइमा (प्रयागराज)। समाजवादी पार्टी ने नगर पंचायत मऊआइमा के मोहल्ला हजियाना निवासी सभासद कौसर ग्यास को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन की जानकारी मिलने पर समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

यह मनोनयन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति और जिलाध्यक्ष अनिल यादव के अनुमोदन पर किया गया है। रविवार देर शाम पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना ने मोहम्मद कौसर ग्यास को मनोनयन पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने उम्मीद जतायी कि कौसर ग्यास पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों का पूरी ईमानदारी से पालन करेंगे। इस मौके पर चेयरमैन शोएब अंसारी, प्रदेश सचिव मेराज आरिफ, विधानसभा प्रभारी इंजीनियर नूर उद्दीन सैफी और आसिफ अब्बासी मौजूद रहे। कौसर ग्यास को नगर अध्यक्ष बनाने पर विधायक गीता शास्त्री, प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी, महाराष्ट्र के भिवंडी प्रभारी उमैर जलाल, मोहम्मद अनस, वासिफ , अफसार, सुभाष यादव ,शेखू राशिद,आशीप पटेल ,सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

क्षेत्रीय कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)

राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0
नवीन मण्डी स्थल मुण्डेरा,अतिथि गृह, कानपुर रोड प्रयागराज
(E-mail Id-mandiparishadallad@gmail.com)

पत्रांक : नि0-10/नि0प्र0पत्रा02026-1485 दिनांक : 12-10-2026

ई-निविदा सूचना

मण्डी परिषद निर्माण खण्ड प्रयागराज क्षेत्रान्तर्गत परिषद मुख्यालय पत्रांक-मु0अभि0ग्रेड-2/ (गङ्गामुक्ति-8651)/2026-1183 दिनांक 09.10.2026 के माध्यम से स्वीकृत बजट के परिप्रेक्ष्य में अधोलिखित तालिका में अंकित ग्रामीण सम्पर्क मार्गों के मरम्मत / पुर्ननिर्माण कार्य हेतु वित्तीय रुप से सुद्ध, अनुभवी एवं मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदा ऑनलाइन दिनांक 27.10.2026 तक आमंत्रित की जाती है। ऑनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 27.10. 2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्यों की निविदाएं ठेकेदार एवं उनके प्रतिनिधियों से समक्ष दिनांक 27.10.2026 को अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी। कार्यों का विवरण निम्नवत् है :-

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत रु. लाख में	धरोहर धनराशि रु. लाख में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का विक्रय (18% G.S.T. सहित) (रू. में)	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
निविदा आमंत्रण						
मण्डी समिति मंझनपुर जनपद कौशाम्बी						
1	सम्पर्क मार्ग बदनपुर हरयिपुर से बजहा तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य। (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	29.05	2.91	01 माह	5200	'द' श्रेणी
2	सम्पर्क मार्ग सड़वा से बिदांय का अवशेष भाग तक का मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	30.00	3.00	01 माह	5400	'द' श्रेणी
3	सम्पर्क मार्ग अशोक स्तम्भ से छोटका गढ़वा तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	16.49	1.65	01 माह	3000	'द' श्रेणी
4	सम्पर्क मार्ग समदा नहर पटरी मार्ग से कादिराबाद समदा तक का मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	17.62	1.76	01 माह	3200	'द'
5	सम्पर्क मार्ग कुलौली नहर से सैबसा गाँव तक का मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	17.62	1.76	01 माह	3200	'द' श्रेणी
6	सम्पर्क मार्ग गुवारा तैयबपुर नहर की पटरी से मैला नहर की पटरी से मैला मकदूमपुर दलित बस्ती तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	24.42	2.44	01 माह	4400	'द' श्रेणी
7	सम्पर्क मार्ग पिपरी सोनी मेन मार्ग से हनुमान मन्दिर तक का मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	32.18	3.22	01 माह	5700	'द' श्रेणी
8	सम्पर्क मार्ग अषाढा मोलानी मार्ग पर इसाहाकपुर तक का मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	21.15	2.12	01 माह	3800	'द' श्रेणी
9	सम्पर्क मार्ग टेनशाह आलमाबाद में सुरेश कुशवाहा के घर से तालाब के किनारे होते हुए श्रीनाथ चमार के घर तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	30.15	3.02	01 माह	5400	'द' श्रेणी
10	सम्पर्क मार्ग अजरौली अढौली मार्ग भोलानाथ पासी के दरवाजे होते हुए प्राइमरी स्कूल अजरौली महेवा रोड तक का मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	31.45	3.15	01 माह	5600	'द' श्रेणी
11	सम्पर्क मार्ग गोबर सहाई पूरन अग्रहरि के घर से मैला नहर के पुल तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	31.45	3.15	01 माह	5600	'द' श्रेणी
12	सम्पर्क मार्ग मुदिया डोली से नहर तक का मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	21.63	2.16	01 माह	3900	'द' श्रेणी
13	सम्पर्क मार्ग शंकर पासी के खेत से अहमतिया नहर पुल होते हुए कोरांव खास तक का मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	30.00	3.00	01 माह	5400	'द' श्रेणी
14	सम्पर्क मार्ग दानपुर परसिया मार्ग लधौरा तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	18.22	1.82	01 माह	3300	'द' श्रेणी
15	सम्पर्क मार्ग कटरी मार्ग से छब्बू का पूरा तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	19.14	1.91	01 माह	3400	'द' श्रेणी
16	सम्पर्क मार्ग मुस्ताफाबाद बिदांव मार्ग से पल्टूपुर तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	19.00	1.90	01 माह	3400	'द' श्रेणी
17	सम्पर्क मार्ग पश्चिम शरीरा कटरी मार्ग से पकौरा तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	30.44	3.05	01 माह	5400	'द' श्रेणी
18	सम्पर्क मार्ग गोपाल मिश्र से कायमपुर तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	20.71	2.07	01 माह	3700	'द' श्रेणी
19	सम्पर्क मार्ग डहरई सम्पर्क मार्ग पर स्कूल से कोरियन का पूरा तक का मरम्मत/पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	14.73	1.47	01 माह	2700	'द' श्रेणी
20	सम्पर्क मार्ग पश्चिम शरीरा बैरागीपुर मार्ग से उमरांवा तक का मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	17.15	1.72	01 माह	3100	'द' श्रेणी
मण्डी समिति अजुहा जनपद कौशाम्बी						
1	सम्पर्क मार्ग उदहिन बुजुर्ग से कलुआपुर तक का मरम्मत/ पुर्ननिर्माण कार्य (पांच वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	17.94	1.80	01 माह	3200	'द' श्रेणी

1. परिषद पत्रांक 217 दिनांक 29.05.2023 द्वारा निर्गत आदेश के कम में मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदार अपनी श्रेणी सहित नीचे की समस्त श्रेणी की निविदाओं में प्रतिभाग कर सकते हैं।
2. नियम व शर्ते तथा अन्य निविदा सहित प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उपस्थित होकर देखी व पढ़ी जा सकती है।

उपनिदेशक (निर्माण)
मंडी परिषद्, प्रयागराज